**डॉ0 मयंक मोहन**

**रोवर्स/रेंजर्स समागम समन्वयक**

# मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर
# रोवर/रेंजर्स समागम रैली
# 10, 11 एवं 12 फरवरी, 2020

दिनांक 30.01.2020 को शासन से महाविद्यालय को पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2019–20 में रोवर/रेंजर्स की 28वीं अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली को आयोजित करने हेतु मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर को नामित किया गया है। यह सूचना प्राप्त होते ही महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 आर0 सी0 लाल ने उप–प्राचार्य डॉ0 अजय शर्मा, रोवर/रेंजर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन, रोवर लीडर डॉ0 रोहताश एवं रेंजर्स लीडर डॉ0 दीपशिखा के साथ बैठक की तथा उपरोक्त सूचना से अवगत कराया। इस सूचना से उपस्थित सभी लोगों ने सहर्ष इस समागम को कराने के लिये अपनी सहमति प्रदान की।

दिनांक 01.02.2020 को प्राचार्य महोद्य द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत् सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की बैठक ली तथा इस बात पर विचार–विमर्श किया गया कि इस समागम रैली को सम्पन्न कराने के लिये हमारे महाविद्यालय में क्या–क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा इसके अतिरिक्त अन्य ऐसे कौन से साधन हैं जिनका प्रबन्ध करना है। विचार–विमर्श के पश्चात् यह तय हुआ कि शीघ्रताशीघ्र इस समागम रैली को सम्पन्न कराया जाये क्योंकि हमारा महाविद्यालय इस समागम रैली को कराने में पूर्ण रूप से सक्षम है।

रोवर लीडर डॉ0 रोहताश एवं रेंजर्स लीडर डॉ0 दीपशिखा ने अपनी रोवर/रेंजर्स टीमों को समागम रैली में प्रतिभाग करने के लिये तैयार करने में लग गये तथा प्राचार्य की अध्यक्षता में मुख्य समिति ने इस समागम रैली को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये कुल 17 समितियां बनायी जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को रखा गया। महाविद्यालय के रोवर/रेंजर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन को समागम समन्वयक बनाया गया।

दिनांक 02.02.2020 को प्राचार्य एवं उप प्राचार्य डॉ0 अजय शर्मा द्वारा सभी समितियों के समन्वयकों के साथ बैठक की तथा समागम रैली को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिये सुझाव मांगे। जिस पर बैठक में उपस्थित सभी समन्वयों द्वारा अमूल्य सुझाव दिये गये। बैठक के अन्त में प्राचार्य महोद्य ने सभी समन्वयकों से अनुरोध किया कि वें अपनी–अपनी समितियों के सदस्यों के साथ मिलकर उन्हें सौंपे गये कार्यों को सम्पन्न कराने की रूपरेखा तैयार करें।

दिनांक 05.02.2020 को प्राचार्य महोद्य की विश्वविद्यालय में कुलपति महोद्य के साथ बैठक हुई जिसमें विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक डॉ0 वीरेन्द्र सिंह, रोवर/रेंजर्स उप–आयुक्त, गाजियाबाद डॉ0 मयंक शर्मा जी उपस्थित थे। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन दिवसीय समागम रैली दिनांक 10, 11 एवं 12 फरवरी, 2020 को सम्पन्न होगी। इसके पश्चात् कुलपति की ओर से सभी शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को इस आशय से पत्र निर्गत किया गया कि वें इस मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय में सम्पन्न होने वाली इस समागम रैली में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

दिनांक 07.02.2020 को समागम मीडिया समन्वयक डॉ0 मौ0 अंसारी एवं उनकी समिति के सदस्य, रोवर/रेंजर्स समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन, मुख्य समिति से डॉ0 अजय शर्मा, डॉ0 पी0 के0 गर्ग एवं डॉ0 वन्दना शर्मा ने मोदीनगर के सभी समाचार–पत्रों के पत्रकारों को सादर आंमत्रित किया तथा अपने यहां होने वाली समागम रैली की कार्यक्रम रूपरेखा से अवगत कराया। सभी पत्रकार बंधुओं ने आश्वासन दिया कि वें 28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली में यथा संभव उपस्थित होकर इसकी पूरी कवरेज करेंगे।

## रोवर/रेंजर्स समागम रैली की आख्या

## प्रथम दिन 10.02.2020

दिनांक 10.02.2020 को समागम रैली के प्रथम दिन पूरा महाविद्यालय परिवार प्रातः 7.30 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित था। सभी समितियों ने अपना–अपना कार्यभार सुचारू रूप से संभाल लिया। रोवर/रेंजर्स उप–आयुक्त, गाजियाबाद डॉ0 मयंक शर्मा

अपनी निर्णायक मण्डल की टीम के साथ प्रातः 8 बजे उपस्थित हो गये उनकी टीम में 6 रोवर्स निर्णायक एल0 टी0 स्काउट, बागपत श्री रामकृष्ण शर्मा, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, गाजियाबाद श्री श्याम सिंह, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, गौतमबुद्व नगर श्री शिव कुमार, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, हापुड, श्री प्रकाश शर्मा, डी0 ओ0 सी0 स्काउट, श्री अनिल भारद्वाज, श्री महेश नेहरा, गाजियाबाद तथा 4 रेंजर्स निर्णायक एल0 टी0 गाइड, मेरठ श्रीमति रिहाना सुल्तान, डी0 ओ0 सी0 गाइड, गाजियाबाद श्रीमति रिंकू तोमर, डी0 ओ0 सी0 गाइड, मेरठ, श्रीमति पूनम एवं डी0 टी0 सी0 गाइड, गाजियाबाद श्रीमति मधुबाला थे।

प्रातः 11.30 बजे तक समागम स्थल पर कुल 11 टीमें प्रतिभाग के लिये उपस्थित थी जिसमें मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत की रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, डी0 ए0 वी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर से रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, डी0 ए0 वी0 कॉलेज, बुलन्दशहर से रोवर एवं रेंजर्स की दो टीमें, सर छोटूराम स्नातोकत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर से 1 टीम रोवर्स की, गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज, मोदीनगर से एक टीम रेंजर्स की तथा किसान पी0 पी0 कॉलेज, सिम्भावली से एक टीम रोवर्स की थी।

28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली के प्रथम दिन का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0 सी0 लाल तथा विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया जिसमें स्काउट ध्वजारोहण के साथ स्काउट प्रार्थना भी की गयी। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने उपस्थित सभी टीमों को समागम रैली से संबधित सामान्य दिशा निर्देश दिये। महाविद्यालय रोवर/रेंजर्स समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन ने बाहर से प्रतिभाग करने आये अन्य कॉलेजों के लीडर एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजन की व्यवस्था थी। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा तथा महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन ने दोपहर 2 बजे प्रतिभाग करने आयी सभी टीमों के लीडर्स की एक बैठक आहुत की जिसमें उन्हें आगे तीन दिनों तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया तथा उनके सुझाव भी आंमत्रित किये गये। उसके पश्चात् वर्दी गणवेश एवं मार्च पास्ट तथा ऑब्जर्वेशन सैड स्टोरी का कार्यक्रम हुआ जिसमें निर्णायक मण्डल ने अपनी अहम भूमिका निभाई। अंधेरा होते ही स्काउट ध्वज को उतारा गया। रात्रि 8 बजे भोजन के पश्चात् कैम्प फॉयर प्रारम्भ हुआ जिसमें अग्नि प्रवजल्लित की गई तथा विभिन्न टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया तथा रात्रि 10 बजे

सभी लोग विश्राम के लिये चले गये। रोवर्स, रोवर लीडर्स एवं रोवर निर्णायक मण्डल के सदस्यों के ठहरने की व्यवस्था डी ब्लाक में की गई थी तथा रेंजर्स, रेंजर्स लीडर एवं रेंजर्स निर्णायक मण्डल के सदस्यों के ठहरने की व्यवस्था ए ब्लाक में की गई थी। रात्रि लगभग 10.30 तक महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन तथा श्री मयंक शर्मा ने सभी टीम लीडरों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ दिन–भर के कार्यों की समीक्षा की। रात्रि 10.30 बजे कुछ स्वयंसेवकों को स्वास्थय संबधी कुछ परेशानी उत्पन्न हुई तो चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दीपक अग्रवाल, स्थानीय डॉ0 के साथ अविलम्ब वहां उपस्थित हुए तथा उन छात्रों को उचित उपचार दिलाया।

## द्वितीय दिन 11.02.2020

28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली के द्वितीय दिन का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0 सी0 लाल, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय अधिकारी डॉ0 राजीव कुमार गुप्ता, प्रादेशिक संगठन आयुक्त, भारत–स्काउट एवं गाइड, लखनऊ, श्री राजेन्द्र हंसपाल तथा विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेन्द्र हंसपाल ने एक देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। आज विभिन्न चरणों में निबन्ध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, झांकी प्रतियोगिता, लघु नाटिका, रोल प्ले, प्राथमिक चिकित्सा, टीम इन काउन्सिल एवं किम्स गेम हुए। क्विज प्रतियोगिता के लिये हमारे महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 विवेकशील ने प्रश्न तैयार किये। तथा निबन्ध प्रतियोगिता के मूल्यांकन का कार्य हमारे महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ0 जे0पी0 यादव, डॉ0 वी0बी0 त्रिपाठी एवं डॉ0 मुकेश के द्वारा किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों ने विशेष रूचि दिखाई तथा अन्य प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों के मध्य जाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इन कार्यक्रमों के मध्य एक छात्रा को कुछ स्वास्थय से संबधी परेशानी हुई तो महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ0 वन्दना शर्मा जी अपने सहयोगियों के साथ चिकित्सा समिति की मदद से उसका उपचार कराया। रात्रि भोजन में प्राचार्य सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ था वहां बाहर से आये हुए सभी अतिथियों ने हमारे यहां की आवास व्यवस्था एवं खान–पान की व्यवस्था की भरपूर प्रंशसा की, इस पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने इन सभी

व्यवस्थायों का श्रेय महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ को दिया। भोजन के पश्चात् कैम्प फॉयर हुआ जिसमें समागम रैली में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों के अतिरिक्त महाविद्यालय के सम्पूर्ण परिवार ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा वहां उपस्थित सभी लोग एक अलौकिक वातावरण के गवाह बने। प्रतिभागियों के विभिन्न दलों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी। रात्रि 10 बजे सभी स्वयंसेवक अपने विश्राम स्थल की ओर चले गये। रात्रि लगभग 10.15 बजे प्राचार्य, डॉ0 पी0 के0 गर्ग, डॉ0 वन्दना शर्मा, डॉ0 दीपक अग्रवाल, समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन, सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा, डॉ0 मौ0 अंसारी, डॉ0 दीपक शर्मा इत्यादि ने पूरे कैम्पस का दौरा किया तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था के विषय में पूर्ण पूर्ण जानकारी ली तथा आश्वस्त हुए इसके पश्चात् वहां उपस्थित अतिथियों से इस बात की जानकारी ली कि उन्हें वहां कोई परेशानी तो नहीं हुई तथा उनके सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद भी दिया। सभी अतिथियों ने महाविद्यालय परिवार के व्यवहार एवं व्यवस्थाओं की भरपूर प्रंशसा की। रात्रि लगभग 10.30 तक महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन तथा श्री मयंक शर्मा ने सभी टीम लीडरों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ दिन–भर के कार्यों की समीक्षा की तथा अगले दिन समागम रैली के समापन की रूपरेखा तैयार की।

## तृतीय दिन 12.02.2020

28वें अर्न्तमहाविद्यालय समागम रैली का तृतीय दिन प्रातः 10 बजे प्राचार्य की उपस्थिति में प्रार्थना के साथ ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ हुआ। सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने सभी टोलियों के लिये निश्चित स्थान को चिन्हित किया जिससे कि वे अपने तम्बू निर्माण, पुल निर्माण के साथ हस्त कौशल का प्रदर्शन उस निश्चित दायरे में ही कर सके। निर्णायक मण्डल अपने–अपने कार्यों में लग गये तथा उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी किसी टीम के साथ कुछ गलत न हो, पारदर्शिता इस समागम शिविर का मुख्य उद्देश्य एवं विशेषता रही है। दोपहर 1 बजे तक महाविद्यालय प्रांगण ने विभिन्न संस्कृतियों से मिलेजुले, रंगबिरगें एक लघु गांव का रूप ले लिया था। जहां प्रत्येक कोने में उल्लास दिखाई पड रहा था। दोपहर 1 बजे सभी ने भोजन किया तत्पश्चात् प्रतीक्षा करने लगे अपने मुख्य अतिथी की जो कि हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति महोद्य प्रो0 एन0के0 तनेजा थे। दोपहर 2 बजे कुलपति महोद्य का आगमन हुआ, महाविद्यालय गेट पर ही

कलर पार्टी द्वारा उनका स्वागत हुआ, उनके साथ विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह भी आये हुए थे। प्राचार्य ने स्कार्फ एवं कैप पहनाकर कुलपति जी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। सर्वप्रथम कुलपति जी ने प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों के साथ मिलकर उस प्रांगण का अवलोकन किया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के स्वयंसेवकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया था। कुलपति जी ने प्रत्येक टोली के शिविर में अत्यन्त दिलचस्पी दिखायी तथा उनके द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों के विषय में बातें की, कुलपति जी के सरल व्यवहार के कारण वहां उपस्थित सभी स्वयंसेवक तनाव मुक्त रहे तथा उनका उत्साह दोगुणा हो गया। दोपहर 3.30 पर प्रतिभागी टीमों ने कुलपति के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। कुलपति महोद्‌य, विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक डॉ0 वीरेन्द्र सिंह एवं प्राचार्य ने प्रतिभागी टीमों के साथ आये टीम लीडर्स एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन एवं सह–आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी हुई टीमों के नामों की घोषणा की जिन्हें कुलपति द्वारा पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्त में सभी दलों के मध्य हुई पारस्परिक प्रतियोगिताओं के प्रथम आने वाले परिणाम की घोषणा हुई जिसमें रोवर के लिये प्रथम स्थान दिगम्बर जैन, कॉलेज, बडौत को मिला। इसी कडी में रेंजर्स के लिये प्रथम स्थान मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर को मिला। दोनों ही टीमों को कुलपति महोद्‌य, विश्वविद्यालय रोवर/रेंजर्स समन्वयक डॉ0 वीरेन्द्र सिंह एवं प्राचार्य जी द्वारा बधाई के साथ प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोद्‌य रोवर/रेंजर्स का विद्यार्थी जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि यह एक आंदोलन सदृश्य है जिससे विद्यार्थियों में परोपकार, श्रमदान तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति सेवा, भक्ति की भावनाएं जागृत होती हैं। कुलपति प्रो0 एन0 के0 तनेजा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि किसी वस्तु का अवलोकन करने की क्षमता हममें अवश्य होनी चाहिए। अवलोकन से ही वैज्ञानिकों ने विविध अविष्कार किये हैं। अतः विद्यार्थियों को अपनी अवलोकन क्षमता का विकास अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय समागम समन्वयक डॉ0 मयंक मोहन ने सभी अतिथियों, महाविद्यालय द्वारा गठित समितियों के समन्वयक एवं सदस्यों, महाविद्यालय में कार्यरत् कर्मचारियों, रोवर/रेंजर्स अधिकारियों एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यों, पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सफल समागम रैली की बधाई दी।